## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 14.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा उत्तर प्रदेश आरक्षी पुलिस भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्राप्त करने हेतु ब्रीफ कर लखनऊ किया गया रवाना।**

**विवरण-** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थियों/आरक्षियों को आज जनपद बांदा से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने हेतु लखनऊ के लिए रवाना किया गया। रवाना होने से पूर्व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस लाइन में ब्रीफ किया गया एवं राज्य सरकार तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा प्राप्त महत्वपूर्ण निर्देशों से अवगत कराया गया साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पूर्ण पारदर्शी एवं सुचिता पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन श्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस ऐतिहासिक एवं विश्वासप्रद प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार तथा पुलिस प्रशासन के प्रति भी धन्यवाद प्रकट किया। बता दें कि उत्तर-प्रदेश आरक्षी पुलिस भर्ती-2023 में जनपद बांदा से कुल 297 अभ्यर्थी चयनित हुए है जिनमें 45 महिला तथा 252 पुरुष है।